B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC TEST 1
HINDI 085

Class : X SET 1
Date :11.06.2026 Duration : 1 Hrs
Max. Marks: 25
Admission No.: Roll No.:

सामान्यनिर्देश- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 4 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें और सख्ती से उनका पालन करें|

(खंड क अपठित बोध)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(अंक 7)**

गंगा भारत की एक अत्यंत पवित्र नदी है, जिसका जल काफी दिनों तक रखने के बावजूद अशुद्ध नहीं होता जबकि साधारण जल कुछ दिनों में ही सड़ जाता है ।गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री या गोमुख है ।गोमुख से भागीरथी नदी निकलती है और देवप्रयाग नामक स्थान पर अलकनंदा नदी से मिलकर आगे गंगा के रूप में प्रवाहित होती है। भागीरथी के देवप्रयाग तक आते-आते इसमें कुछ चट्टानें घुल जाती हैं, जिससे इसके जल में ऐसी क्षमता पैदा हो जाती है जो उसके पानी को सड़ने नहीं देती। हर नदी के जल में कुछ खास तरह के पदार्थ घुले रहते हैं जो उसकी विशिष्ट जैविक संरचना के लिए उत्तरदायी होते हैं ।ये घुले हुए पदार्थ पानी में कुछ खास तरह के बैक्टीरिया को पनपने देते हैं जो कुछ को नहीं। कुछ खास तरह के बैक्टीरिया ही पानी की सड़न के लिए उत्तरदायी होते हैं तो कुछ पानी में सड़न पैदा करने वाले कीटाणुओं को रोकने में सहायक होते हैं ।वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि गंगा के पानी में भी ऐसे बैक्टीरिया है जो सड़न पैदा करने वाले कीटाणुओं को पनपने ही नहीं देते इसलिए इसका पानी काफी लंबे समय तक खराब नहीं होता और पवित्र माना जाता है। हमारा मन भी गंगा के पानी की तरह ही होता होना चाहिए तभी वह निर्मल माना जाएगा। जिस प्रकार पानी को सड़ने से रोकने के लिए उसमें उपयोगी बैक्टीरिया की उपस्थिति अनिवार्य है उसी प्रकार मन में विचारों के प्रदूषण को रोकने के लिए सकारात्मक विचारों के निरंतर प्रवाह की भी आवश्यकता है ।हम अपने मन को सकारात्मक विचार रूपी बैक्टीरिया द्वारा आप्लावित करके ही गलत विचारों को प्रविष्ट होने से रोक सकते हैं ।जब भी कोई नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकारात्मक विचार द्वारा उसे समाप्त कर दीजिए।

1 गंगा नदी के पानी की क्या विशेषता है!

क) यह पापों को धो देता है

ख) यह अमृत जैसा है

ग) यह लंबे समय तक खराब नहीं होता

घ) यह साधारण जल के समान पवित्र है

2 गंगा अपने उद्‌गम स्थल पर किस नाम से जानी जाती है?

क)गंगोत्री   ख)   भागीरथी

ग) अलकनंदा।   घ) गंगा

3 कथन A और कारण R को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।

कथन A गंगा का उद्‌गम स्थल गंगोत्री या गौमुख है। कारण R गोमुख से भागीरथी नदी निकलती है और देवप्रयाग नामक स्थान पर अलकनंदा नदी से मिलकर आगे गंगा के रूप में प्रवाहित होती है

विकल्प

क) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है

ख) कथन A और कारण R दोनों ही गलत है

ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या है ।

घ) कथन A सही है किंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

4) गंगा नदी के पानी में सड़न क्यों नहीं पैदा होती ?

5) प्रत्येक नदी का जल किसी विशिष्ट जैविक संरचना के लिए उत्तरदायी होता है और उसका क्या परिणाम होता है?

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न2. निर्देशानुसार निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(7)**

1 मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े लेकिन तीन दर्जे आगे थे।(रेखांकित पदबंध का भेद बताइए)

2 वे हरदम किताब खोले बैठे रहते थे।(क्रिया पदबंध छांटकर लिखिए।)

3 वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे । (रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताइए)

4 भाई साहब का चेहरा कांतिहीन हो गया था। (समस्त पद छांटकर विग्रह कीजिए तथा भेद लिखिए।)

5 बिना राह के (समस्तपद बनाकर समास का भेद लिखिए)

6 यहाँ रात दिन आँखें फ़ोड़नी पड़ती है और खून जलाना पड़ता है। (मुहावरे छांटकर कर अर्थ लिखिए।)

7 कक्षा में देरी से आने के कारण आज तो अध्यापक ने उसे_________________। (उचित मुहावरा लिखिए)

खंड ग (प्रश्नोत्तर)

प्रश्न 3 निम्न प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए **(6)**

1) लेखक बड़े भाई के सामने मौन क्यों रह जाता था?

2) बड़े भाई साहब का पतंग पकड़ कर भागना क्या सिद्ध करता है?

3) ‘बड़े भाई साहब ‘नामक कहानी से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

खंड घ (रचना खंड)

प्रश्न 4 संकेत बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

खेल बिना पाठ्यक्रम है अधूरा

संकेत बिन्दु

- बिंदु खेले का महत्व
- पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग
- दोनों में संतुलन